संक्षिप्त समाचार.....

खेत में मिला कांग्रेस प्रत्याशी का शव, इलाके में फैली सनसनी

बाड़मेर। राजस्थान में पंचायत चुनाव के पहले चरण के तहत गुरुवार को 16 जिला परिषदों और 104 पंचायत समितियों में मतदान होना है। पहले चरण की वोटिंग से एक दिन पहले बाड़मेर से बड़ी खबर सामने आई है। बाड़मेर की मांगता पंचायत समिति के वार्ड 8 से कांग्रेस प्रत्याशी मोहनलाल का शव खेत में मिलने से सनसनी फैली गई। सूचना मिलते ही पुलिस सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। घटना सदर थाना इलाके के आलमजी का थान (उड़सर) गांव में बुधवार सुबह करीब 4 बजे की है। सदर थाना सीआई देवीचंद ढाका ने बताया कि आलमजी का थान निवासी मोहनलाल पुत्र पूनमाराम का शव बुधवार को खेत पर मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को गुड़ामालानी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस अभी परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ में जुटी हुई है। मांगता पंचायत समिति में पहले चरण में 22 अक्टूबर को मतदान होना है। यहां वार्ड 8 से कांग्रेस के मोहनलाल सहित तीन प्रत्याशी मैदान में थे। यहां भाजपा से भभूता राम और आरएलपी से ओमप्रकाश प्रत्याशी हैं।

जयपुर में आधी रात कार सवार बदमाशों का उत्पात, दो लोगों को मारी टक्कर

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आधी रात को कार सवार युवकों के उत्पात का मामला सामने आया है। गांधीनगर रेलवे स्टेशन के बाहर चाय की थड़ी पर हुए विवाद के बाद स्विफ्ट कार सवार युवकों ने कथित तौर पर तेज रफ्तार में गाड़ी दौड़ाई और रास्ते में कई वाहनों को टक्कर मार दी। इस दौरान दो लोगों को भी कार से टक्कर लगी, जिससे वे घायल हो गए। आरोप है कि कार सवारों ने दो युवकों को कुचलने की कोशिश भी की। घटना बुधवार रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बजाज नगर थाना पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, गांधीनगर रेलवे स्टेशन के बाहर टोंक रोड पर स्थित चाय की दुकान पर दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। शुरुआती कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया। इसके बाद स्विफ्ट कार सवार युवक वहां से निकले और कथित तौर पर तेज रफ्तार में गाड़ी दौड़ाते हुए उत्पात मचाया। आरोप है कि कार सवारों ने रास्ते में आने वाले कई वाहनों को टक्कर मार दी। इस दौरान दो लोग कार की चपेट में आकर घायल हो गए। वहीं, कुछ युवकों को कार से कुचलने का प्रयास किए जाने की बात भी सामने आई है।

अलवर में रोडवेज बस की टक्कर से सरकारी अध्यापिका की मौत, जयपुर रोड जाम

अलवर। अलवर में जयपुर रोड पर भाखेड़ा के पास बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसे में सरकारी अध्यापिका अंबाला सोनी की मौत हो गई। वह स्कूटी से स्कूल से बाहर निकल रही थीं, तभी जयपुर की ओर से अलवर आ रही राजस्थान रोडवेज के मत्स्य नगर डिपो की बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि अध्यापिका की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। जानकारी के अनुसार, अंबाला सोनी पत्नी आकाश सोनी भाखेड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यापिका थीं। स्कूल का एक अन्य भाग सामुदायिक भवन में संचालित होता है। बताया जा रहा है कि अध्यापिका इसी परिसर से स्कूटी लेकर बाहर निकल रही थीं। इसी दौरान जयपुर की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अध्यापिका को संभलने का मौका तक नहीं मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर लगने के बाद वह काफी दूर तक घसीटती चली गईं। उनके हेलमेट को भी गंभीर नुकसान पहुंचा और वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

बीकानेर हाउस दिल्ली में आयोजित प्रदर्शनी नो आइडिया इज़ फाइनल के संबंध में प्रेस वक्तव्य

जयपुर/एजेंसी। बीकानेर हाउस कला और संस्कृति के संवर्धन के लिए समर्पित एक सार्वजनिक सांस्कृतिक संस्थान है। इस हाउस के प्रांगण में आयोजित होने वाली प्रदर्शनियों और उससे संबंधित गतिविधियों के लिए बीकानेर हाउस प्रबंधन समिति की नीति का अनुपालन करना आवश्यक है। बीकानेर हाउस में श्री रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी नो आइडिया इज़ फाइनल के एक भाग के रूप में प्रदर्शित कुछ तस्वीरें बीकानेर हाउस मैनेजमेंट सोसाइटी की नीति के अनुरूप नहीं पाई गईं। तदनुसार, उन्हें हटाने का अनुरोध किया गया। जो तस्वीरें सोसाइटी की नीति के अनुरूप थी, उन तस्वीरों का प्रदर्शन जारी रखा गया है।

पुलिसकर्मियों की मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर सहायता राशि बढ़ाने पर हुआ मंथन

जयपुर। राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की 53वीं बैठक गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में हुई। समिति के अध्यक्ष एवं महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। इसके बाद पिछली बैठक के निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा के साथ विभिन्न नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में न्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को मिलने वाली सहायता का दायरा बढ़ाने पर मंथन हुआ। वर्तमान में पुलिस सेवा के दौरान मृत्यु होने या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में दी जाने वाली 50 हजार रुपए की सहायता राशि बढ़ाने के सुझावों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने, पुलिस लाइनों में सुविधाओं का विस्तार करने और पुस्तकालय निर्माण जैसे प्रस्तावों पर विचार किया गया। पुलिस परिसरों में हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन ड्राइव शुरू करने का सुझाव भी सामने आया। बैठक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को जरूरत के समय बेहतर सहायता उपलब्ध कराने तथा कल्याणकारी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

जयपुर। जोधपुर डिस्कॉम एवं व्यास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय] न्यू पावर हाउस में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। साथ ही ब्लड प्रेशर (बीपी) एवं ब्लड शुगर की निःशुल्क जांच की सुविधा भी रखी गई। शिविर में जनरल फिजीशियन डॉ. पी.आर. लिम्बा] हड्डी एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष जोशी] नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. विभोर कुमार तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव कच्छावा ने अपनी सेवाएं दीं। इसके अतिरिक्त दंत चिकित्सक टीम एवं नेत्र रोग विभाग की टीम ने भी शिविर में चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई। शिविर के प्रबंधन की जिम्मेदारी हेल्थ कैंप मैनेजर डॉ. हितेश लबाना ने संभाली। आयोजन समिति के पारस प्रजापत एवं उनकी टीम ने शिविर की व्यवस्थाओं और समन्वय में सहयोग किया। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं एवं प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था।

चंबल नदी में अवैध बजरी खनन पर प्रभावी रोक के लिए संबंधित जिला कलेक्टर एवं विभाग समन्वित कार्रवाई करें : मुख्य सचिव



जयपुर/एजेंसी। चंबल नदी में अवैध बजरी खनन की रोकथाम एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित स्टेट लेवल कॉर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में संबंधित विभागों एवं जिला कलेक्टर को प्रभावी एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि चंबल नदी में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

मुख्य सचिव ने चंबल नदी क्षेत्र में स्थापित पेट्रोलिंग पोस्ट्स का नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी सुपरविजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, वैकल्पिक निर्माण सामग्री के रूप में एम-सैंड नीति को बढ़ावा देने के लिए समीक्षा कर इसके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने अरण्य भवन में डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए, जिसके माध्यम से चंबल नदी के 40 अति संवेदनशील स्थानों की निरंतर निगरानी की जा सके। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था अभय कमांड सेंटर की तर्ज पर विकसित की जाए तथा इन स्थानों पर निगरानी व्यवस्था की साप्ताहिक समीक्षा भी सुनिश्चित हो ताकि अवैध खनन की गतिविधियों पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पड़ोसी राज्यों के पुलिस प्रशासन से आपसी समन्वय कर अवैध खनन पर आवश्यक कार्रवाई के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध बजरी खनन में संलिप्त वाहनों के विरुद्ध केवल चालान तक सीमित न रहते हुए प्रकरण की प्रकृति एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार चार्जशीट दायर करने सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ प्रभावी कार्रवाई करें।

बैठक में करौली, कोटा, बूंदी, धौलपुर व सवाई माधोपुर जिलों उपवनसंरक्षक ने डिटेल प्रेजेंटेन के माध्यम से इन जिलों में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित स्पेशल टास्क फोर्स द्वार किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। बैठक में खान एवं पैट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा, परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा, राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं हैड ऑफ फोरेस्ट फोर्स श्री अरिजीत बनर्जी , प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री पी. के. उपाध्याय एवं अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री के. सी. अरुण प्रसाद एवं करौली, कोटा, बूंदी, धौलपुर व सवाई माधोपुर के जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, उप वन संरक्षक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

देवनानी ने छत्तीसगढ़ के सीएम साय से की मुलाकात

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से शिष्टाचार भेंट की। स्पीकर श्री देवनानी ने मुख्यमंत्री श्री साय का पुष्प गुच्छ भेंट कर और दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन किया। श्री साय ने भी श्री देवनानी का दुपट्टा ओढाकर और पुष?प गुच?छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों के मध्य विभिन्न विषयों और मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान आपसी संवाद एवं समन्वय के साथ विभिन्न समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। यह भेंट आत्मीय संबंधों एवं परस्पर सहयोग की भावना को दर्शाती है। स्पीकर श्री देवनानी ने शदाणी दरबार में किए दर्शन - राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर स्थित पूज्य शदाणी दरबार पहुंचकर दर्शन किए। शदाणी दरबार के नवम पीठाधीश्वर परम पूज्य संत श्री युधिष्ठिर लाल से भेंट स्पीकर श्री देवनानी ने भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस अवसर पर संत श्री युधिष्ठिर लाल ने स्पीकर श्री देवनानी का अभिवादन किया। आध्यात्मिक वातावरण में हुई इस भेंट के दौरान श्री देवनानी की संतों से सेवा, सत्संग, संस्कार और भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। स्पीकर श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि शदाणी दरबार ऐतिहासिक तीर्थ स्थल है। यह पावन स्थल सेवा, सत्संग, आध्यात्मिक साधना एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

पुलिसकर्मियों की मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर सहायता राशि बढ़ाने पर मंथन



जयपुर। राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की 53वीं बैठक गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में हुई। समिति के अध्यक्ष एवं महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। इसके बाद पिछली बैठक के निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा के साथ विभिन्न नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में न्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को मिलने वाली सहायता का दायरा बढ़ाने पर मंथन हुआ। वर्तमान में पुलिस सेवा के दौरान मृत्यु होने या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में दी जाने वाली 50 हजार रुपए की सहायता राशि बढ़ाने के सुझावों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने, पुलिस लाइनों में सुविधाओं का विस्तार करने और पुस्तकालय निर्माण जैसे प्रस्तावों पर विचार किया गया।

पुलिस परिसरों में हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन ड्राइव शुरू करने का सुझाव भी सामने आया। बैठक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को जरूरत के समय बेहतर सहायता उपलब्ध कराने तथा कल्याणकारी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

न्यास के कोष को मजबूत करने के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत संस्थानों से सहयोग प्राप्त करने और पुलिसकर्मियों की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के विकल्पों पर भी चर्चा हुई।

181 राजस्थान संपर्क पोर्टल का निरीक्षण

शासन सचिव श्री रवि जैन ने आम नागरिक बनकर परखी व्यवस्था

जयपुर/एजेंसी। आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव श्री रवि जैन ने गुरूवार को 181 राजस्थान संपर्क पोर्टल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोर्टल की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा और स्वयं फोन कॉल के जरिए दर्ज कराई गई शिकायतों का हाथों-हाथ समाधान भी सुनिश्चित करवाया। शासन सचिव श्री जैन ने एक आम नागरिक की तरह 181 पर कॉल कर पोर्टल की व्यवस्थाओं का जमीनी जायजा लिया। उन्होंने कॉल प्रतिनिधि से मिले सकारात्मक फीडबैक की सराहना की। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 181 पर बड़ी संख्या में प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं और समस्या समाधान का स्तर भी बढ़ रहा है, जिससे संपर्क पोर्टल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।



निरीक्षण के दौरान चित्तौड़गढ़ से सीवरेज का पानी सड़क पर फैलने की शिकायत दर्ज कराई गई। इस पर शासन सचिव ने तत्काल वीसी के माध्यम से अधिशासी अभियंता श्री जितेंद्र मीणा को निर्देश दिए। उन्होंने सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करवाने के साथ ही कार्य से पहले और बाद की तस्वीरें मुख्यालय को भिजवाने के निर्देश भी दिए, ताकि कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग हो सके। जयपुर के महेंद्र सैनी ने गोनेर के ठाणे स्थित बस स्टैंड होने के बावजूद बसें नहीं रुकने की शिकायत दर्ज कराई। इस पर शासन सचिव ने संबंधित अधिकारी से सीधी बात की। उन्होंने संबंधित रूट की बसों का ठहराव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बसों में लगे जीपीएस के जरिए निरंतर निगरानी रखने के आदेश भी दिए। शासन सचिव श्री जैन ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निदान के लिए विभाग में अलग से सेल स्थापित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनहित के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए और शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। इस दौरान स्वायत्त शासन विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्री अशोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

इलेक्ट्रिक बसों का सुचारु संचालन एवं बस डिपो में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता करें सुनिश्चित : मुख्य सचिव



जयपुर/एजेंसी। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में पीएम ई-बस सेवा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत सभी लंबित कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बसों के सुचारु संचालन एवं बस डिपो में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। मुख्य सचिव ने जयपुर में संचालित सरकारी एवं निजी बसों की संख्या, उनकी कार्यप्रणाली तथा निगरानी व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न बस सेवाओं के बीच समन्वय सुनिश्चित करने तथा इलेक्ट्रिक बसों के संचालन वाले स्थानों पर ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड को क्रियाशील बनाने ने निर्देश दिए।

उन्होंने संचालन की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए प्रमुख प्रदर्शन संकेतक निर्धारित करने तथा स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने निजी बस संचालकों को इलेक्ट्रिक बसों की ओर स्थानांतरित करने की संभावनाओं पर भी विचार करने को कहा। प्रतिदिन औसतन यात्रियों की संख्या तथा यात्री किराये से प्राप्त आय की जानकारी लेकर योजना के संचालन की समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जयपुर के टोडी डिपो में बिजली कनेक्शन से संबंधित लंबित कार्य, विभिन्न स्वीकृत स्थानों पर बस डिपो के लिए भूमि की उपलब्धता तथा इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग सुविधाओं के विकास सम्बन्धी विषयों पर चर्चा हुई।

मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों को प्रमुखता से इस दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग श्री रवि जैन ने बताया कि पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत प्रदेश के आठ शहरों जयपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, अजमेर, अलवर, जोधपुर, कोटा एवं उदयपुर के लिए कुल 675 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं। इनमें से अब तक 250 बसों की डिलीवरी की जा चुकी है। उन्होंने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रस्तावित बस डिपो हेतु विभिन्न स्थानों पर आवश्यक भूमि के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जयपुर में संचालित जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड एवं निजी बसों की कार्यप्रणाली और उनकी निगरानी व्यवस्था के संबंध में भी अवगत कराया।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग श्री आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव, परिवहन विभाग श्री भवानी सिंह देथा, आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण श्री सिद्धार्थ महाजन, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग श्री रवि जैन, शासन सचिव, ऊर्जा विभाग श्रीमती आरती डोगरा ,शासन सचिव, वित्त (व्यय) डॉ. टीना सोनी एवं आयुक्त परिवहन विभाग श्री पुरुषोत्तम शर्मा सहित संबंधित विभागों के

जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



जयपुर। जोधपुर डिस्कॉम एवं व्यास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय] न्यू पावर हाउस में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। साथ ही ब्लड प्रेशर (बीपी) एवं ब्लड शुगर की नि:शुल्क जांच की सुविधा भी रखी गई। शिविर में जनरल फिजीशियन डॉ. पी.आर. लिम्बा हड्डी एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष जोशी नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. विभोर कुमार तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव कच्छावा ने अपनी सेवाएं दीं। इसके अतिरिक्त दंत चिकित्सक टीम एवं नेत्र रोग विभाग की टीम ने भी शिविर में चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई। शिविर के प्रबंधन की जिम्मेदारी हेल्थ कैंप मैनेजर डॉ. हितेश लबाना ने संभाली।

बाइक राइडर्स सिर्फ यात्री नहीं, नशामुक्त भारत के संदेशवाहक हैं : डीजीपी शर्मा



जयपुर/एजेंसी। नशे के खिलाफ जन-जागरूकता और राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर निकली राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली गुरुवार सुबह जयपुर के अल्बर्ट हॉल पहुंची। यहां महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने राइडर्स का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद डीजीपी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को अजमेर के लिए रवाना किया। डीजीपी श्री शर्मा ने कहा कि राइडर्स की वर्दी, भाषा और खानपान अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य एक ही है-नशामुक्त भारत निर्माण। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने वर्ष 2029 तक भारत को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इसे पूरा करने में हम सभी को एकजुटता से सामूहिक जिम्मेदारी निभानी है। राइडर्स केवल यात्री नहीं, बल्कि नशामुक्त भारत के संदेशवाहक हैं। उनकी असली ताकत अनुशासन है। डीजीपी ने बाइक राइडर्स को 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर की राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में शामिल होने के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही स्वयं नशे से दूर रहने, परिवार व समाज को नशामुक्त रखने, राष्ट्रीय एकता बनाए रखने और किसी भी आयोजन में नशीले पदार्थ नहीं परोसने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस जल्द ही नशामुक्त राजस्थान के लिए व्यापक अभियान चलाएगी। इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक लड़ाई है। राइडर्स ने अल्बर्ट हॉल के सामने विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, पुलिसकर्मियों और आमजन से संवाद किया।

उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के तन-मन के साथ पूरे परिवार को प्रभावित करता है। नशे से नुकसान के अलावा कोई फायदा नहीं है। सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी विभिन्न सुरक्षा बल निभा रहे हैं। युवा नशे से दूर रहकर देश का भविष्य मजबूत करें। राइडर्स ने स्वयं ड्रग फ्री रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस रैली में सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ, एनडीआरएफ, एनएसजी, एसएसबी सहित विभिन्न केंद्रीय बलों, पुलिस संगठनों और राज्य पुलिस के राइडर्स शामिल हैं। इसमें जयपुर से राजस्थान पुलिस के राइडर्स भी शामिल हो गए हैं। रैली में कांस्टेबल से लेकर आईजी स्तर तक के अधिकारी भाग ले रहे हैं।

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.

सीआईएन : U64990HR2016PTC057984

पंजीकृत कार्यालय : यूनिट 2009-14, 20वीं मंज़िल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर-58, गुरुग्राम (हरियाणा)-122011

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ताओं/गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका भौतिक कब्ज़ा मैसर्स उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 18.08.2026 को ले लिया गया है, उक्त प्रतिभूत/बंधक आस्तियों का विक्रय ई-नीलामी के माध्यम से "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जाएगा।

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

संपत्ति का विवरण :

आवासीय संपत्ति पट्टा संख्या 21, संकल्प संख्या 3, दिनांक 21-06-2-23, खसरा संख्या 142, स्थित ग्राम भगवानपुरा, ग्राम पंचायत दौलपुरा, पंचायत समिति मांडलगढ़, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान का समस्त भाग एवं अंश। कुल क्षेत्रफल 1920 वर्ग फुट। **चतुःसीमा : पूर्व** - स्वयं **पश्चिम** - सड़क **उत्तर** - भैरू धाकड़ **दक्षिण** - प्रभु धाकड़

उधारकर्ता/ओं एवं गारंटर/ओं का नाम एवं पता	1. नीलामी की दिनांक एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 3. संपत्ति के निरीक्षण की दिनांक एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की ईएमडी 3. बोली वृद्धि राशि
1. सत्य नारायण धाकड़ पुत्र भैरू धाकड़ (उधारकर्ता) 2. मैना धाकड़ पत्नी सत्य नारायण (सह-उधारकर्ता) उपरोक्त दोनों निवासी- भगवानपुरा, नवलपुरा, भीलवाड़ा, राजस्थान 311604 3. भैरू लाल धाकड़ पुत्र गंगा राम धाकड़ (सह-उधारकर्ता) 4. गंगा देवी धाकड़ पत्नी भैरू लाल धाकड़ (सह-उधारकर्ता) उपरोक्त दोनों निवासी- 5, भगवानपुरा, पोस्ट मानपुरा, ढोलपुरा, नवलपुरा, मांडलगढ़, भीलवाड़ा, राज.- 311604 ऋण खाता सं. (LAN) LXBHL02823-240031458 ऋण अनुबंध दिनांक : 16-दिसं-2023 ऋण राशि : रु. 5,01,000/- कुल बकाया राशि रु. 6,57,647/- दिनांक 19-अगस्त-2026 तक + दिनांक 20-अगस्त-2026 से आगे का ब्याज एवं अन्य प्रभार।	1) नीलामी दिनांक- 30.11.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे के बीच, 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित। 2) केवाईसी सहित ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 27.11.2026 सायं 5:00 बजे (भा.मा.स.) तक 3) निरीक्षण की दिनांक : 25.11.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे के बीच (भा.मा.स.)	आरक्षित मूल्य : रु. 6,48,000/- अग्रिम धन जमा (ईएमडी): रु. 64,800/- बोली वृद्धि राशि : रु. 10,000/- एवं इसके गुणकों में।

नीलामी के नियम एवं शर्तें

ऑनलाइन ई-नीलामी विक्रय के बोली दस्तावेज़, घोषणा-पत्र, सामान्य नियम एवं शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट अर्थात् https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदाता सहायता नंबर 7291981124, 25, 26 एवं श्री भाविक पंडया 8866682937 से भी संपर्क कर सकते हैं, सहायता ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com (सेवा प्रदाता सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) अथवा auction@ummeedhfc.in, तथा संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न हेतु उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. से 18002026127 पर संपर्क कर सकते हैं। इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी राशि डीडी/पे ऑर्डर/NEFT/RTGS के माध्यम से उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. के पक्ष में खाता सं. 50200021387303, IFSC- HDFC0003906 में ईएमडी की निर्धारित दिनांक एवं समय पर अथवा उससे पूर्व जमा करनी होगी।

दिनांक : 23-अक्टू-2026
स्थान : गुरुग्राम, हरियाणा

ह./- प्राधिकृत अधिकारी, टोल फ्री नं. 1800-2026-127 पर संपर्क करें
कृते उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं.** 0141-2570653 (RNI No. RAJHIN/2004/12833)